हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 05 जनवरी 2026, समय 18:10 (10 मिनट)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा, सोमनाथ मंदिर सदियों से कई हमलों के बावजूद  आज भी भारतीय सभ्यता की आत्मा के जीवंत उदाहरण के रूप में शान से खड़ा है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने स्वदेश में डिजाइन और निर्मित प्रदूषण नियंत्रण पोत- समुद्र प्रताप को भारतीय तटरक्षक बल के बेडे में शामिल किया ।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा ,  मनरेगा मे व्याप्त भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए विकसित भारत - जी राम जी योजना लाई गई है ।

शिक्षा मंत्री महिपाल □ांडा ने  पंचकूला  में युवा स्टार्टअप महोत्सव  का शुभारंभ  किया-  शिक्षा मंत्री ने कहा संकल्प शक्ति से  अभाव में भी बच्चे बेहतर परिणाम दे सकते हैं।

हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष  रेणु भाटिया ने कहा
प्रदेश के सभी जिलों में विवाह पूर्व विमर्श प्रकोष्ठ स्थापित किए जाएंगे ।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पिछली कई सदियों में सोमनाथ मंदिर पर हुए हमलों के बावजूद मंदिर, भारतीय सभ्यता की आत्मा के जीवंत उदाहरण के रूप में शान से खड़ा हुआ है।

श्री मोदी ने कहा कि यह वर्ष इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि आज से एक हजार वर्ष पूर्व विदेशी आक्रांताओं द्वारा सोमनाथ मंदिर पर पहला हमला किया गया था। प्रधानमंत्री ने कहा कि सोमनाथ शब्द सुनते ही देशवासियों के मन में अद्भुत साहस और गर्व की अनुभूति होती है। उन्होंने कहा कि सोमनाथ मंदिर आज भी करोड़ों श्रद्धालुओं के लिए आशा का अनहद नाद है।

*सोमनाथ हमें यह बताता है कि घृणा और कट्टरता में विनाश की विकृत ताकत हो सकती है लेकिन आस्था में सृजन की शक्ति होती है। करोड़ों श्रद्धालुओं के लिए सोमनाथ आज भी आशा का अनंत नाद है। यह विश्वास का वह स्वर है जो टूटने के बाद भी उठने की प्रेरणा देता है। अगर हजार साल पहले खंडित हुआ सोमनाथ मंदिर अपने पूरे वैभव के साथ फिर से खड़ा हो सकता है तो हम हजार साल पहले का समृद्ध भारत भी बना सकते हैं।*

सोमनाथ मंदिर के जीर्णोद्धार में योगदान देने वालों के प्रयासों की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्ष 2026 में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल होगी, जब जीर्णोद्धार के बाद मंदिर भक्तों के लिए खोले जाने के 75 वर्ष पूरे हो जाएंगे।

श्री मोदी ने कहा कि दुनिया, भारत को आशा और सकारात्मकता की नजरों से देख रही है।

---------------------------------------------------------

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज गोवा में पहले स्वदेशी में डिजाइन और निर्मित प्रदूषण नियंत्रण पोत, समुद्र प्रताप को आज भारतीय तटरक्षक बल के बेडे में शामिल किया।

श्री राजनाथ सिंह ने भविष्य की परियोजनाओं में 90 प्रतिशत स्वदेशीकरण का लक्ष्य रखने का आग्रह किया और जहाज पर दो महिला अधिकारियों की तैनाती के साथ समावेशिता के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को भी रेखांकित किया।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारतीय समुद्री सीमाओं की रक्षा और समुद्र से जुडे विशेष अभियानों में तटरक्षक बल की भूमिका की सराहना की।

*मैरिन पॉल्यूशन से लेकर कोस्टल क्लीनिनेस तथा सर्च एंड रेस्क्यू से लेकर मेरीटाइम लॉ इन्फोर्समेंट तक कोस्ट गार्ड की भूमिका मल्टी डाइमेंशनल है। जब भी समुद्र में कोई संकट आता है चाहे वो ऑयल स्पीलिंग का हो। किसी शिप में आग लगने का हो या किसी का जीवन संकट में हो या फिर कोई भी समस्या हो कोस्ट गार्ड सबसे पहले रिस्पान्स देता है। यही कारणहै कि आज हमारी कोस्ट गार्ड को देश ही नहीं बल्कि इंटरनेशनल कम्युनिटी में भी सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है।*

हमारे संवाददाता ने बातया है कि 70 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री के साथ विकसित यह पहला स्वदेशी प्रदूषण नियंत्रण जहाज है।इसमें एक हेलीकॉप्टर हैंगर भी है, जो इसकी परिचालन क्षमता और पहुंच को बढ़ाता है। प्रदूषण नियंत्रण के अलावा, यह जहाज खोज एवं बचाव औरसमुद्री गश्त के प्रयासों को भी मजबूती प्रदान करेगा।

---

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज कहा कि मनरेगा भ्रष्टाचार का पर्याय बन गए थी और श्रमिकों का शोषण हो रहा था। विकसित भारत - जी राम जी योजना/ मनरेगा मे व्यप्त भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिये लाई गयी है ।

आज चंडीगढ़ में विकसित भारत - जी राम जी योजना पर एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा-

मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्षी पार्टियों द्वारा इस योजना को लेकर दुष्प्रचार किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब सरकार भी लोगों को गुमराह कर रही है।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने इस वर्ष योजना के लिए 1 लाख 51 हजार 282 करोड रुपए आवंटित किए हैं जबकि पिछले वर्ष यह राशि 88 हजार करोड़ थी

-----------------------------------------------------------

हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल □ांडा ने आज पंचकूला में युवा स्टार्टअप महोत्सव का शुभारंभ किया। इस अवसर पर माध्यमिक शिक्षा विभाग के निदेशक जितेन्द्र कुमार और अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

शिक्षा मंत्री ने बच्चों द्वारा शुरू किए विभिन्न स्टार्ट अप का अवलोकन किया तथा उनका हौंसला बढ़ाया।

पत्रकारों से बातचीत में शिक्षा मंत्री महिपाल □ांडा ने कहा कि इस प्रदर्शनी के माध्यम से विद्यार्थियों ने यह साबित कर दिया है कि अगर संकल्प शक्ति हो तो अभाव में भी बच्चे बहुत कुछ कर सकते

हैं।

उन्होंने कहा कि रोजगार परक शिक्षा व आत्मनिर्भर भारत की यह एक जीती जागती मिसाल है।

-----------------------------------------------------------

हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष  रेणु भाटिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर देश भर के सभी जिलों में जल्द ही विवाह पूर्व विमर्श प्रकोष्ठ खोले जाएंगे ताकि युवा पीढ़ी में तलाक के मामलों में कमी आए और वैवाहिक रिश्तों की समझ स्थापित हो।

उन्होंने कहा कि प्रकोष्ठों में शादी के बंधन में बंधने से पहले नौजवान युवक-युवतियों व उनके परिजनों को बुलाकर विवाह की पारंपरिक गरिमा, एक-दूसरे के प्रति सम्मान की भावना और इस पवित्र रिश्ते को निभाने के विषय में विस्तार से समझाया जाएगा।

श्रीमती रेणु भाटिया आज रेवाड़ी में आयोग को जिले से मिली शिकायतों की सुनवाई के बाद  मीडिया से बातचीत कर रही थीं।

उन्होंने बताया कि आज 14 मामलों की सुनवाई हुई जिसमें से कुछ मामले आपसी सहमति से रद्द हो गए।

उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया के माध्यम से युवाओं के साथ हो रहे साइबर अपराध के प्रति उन्हें जागरूक किया जा रहा है।